Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 29 अंक- 90 रायपुर, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### 'बस अमेरिका की हां का इंतजार': तेहरान पर बड़े हमले की तैयारी में इस्राइल, कहा- ईरान की नींव तक हिला देंगे



**नई दिल्ली, 24 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** पश्चिम एशिया में युद्ध के बादल फिर गहराने लगे हैं और हालात तेजी से विस्फोटक होते दिख रहे हैं। इस्राइल और ईरान के बीच टकराव अब खुली जंग की दहलीज पर पहुंचता नजर आ रहा है। इसका बड़ा कारण है कि इस्राइल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने इस संघर्ष के और बड़े पैमाने पर बढ़ने के संकेत दिए हैं। काट्ज ने साफ-साफ कहा कि इस्राइल ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई तेज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि अमेरिकी की हरी झंडी का इंतजार है। एक सुरक्षा बैठक के दौरान काट्ज ने खुली चेतावनी देते हुए कहा कि इस्राइली सेना (आईडीएफ) पूरी तरह तैयार है और जरूरत पड़ने पर हमला और बचाव दोनों कर सकती है। उन्होंने कहा कि सभी संभावित टारगेट चिन्हित किए जा चुके हैं। इस दौरान काट्ज ने ईरान की सरकार पहर आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा कि ईरान अपने लोगों पर सख्ती से नियंत्रण रखता है और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स और बसिज जैसे संगठनों के जरिए दबाव बनाता है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान तेल की कीमतों को लेकर दुनिया पर दबाव बनाने की कोशिश करता है।

### 'बंगाल जीतने के बाद दिल्ली पर कब्जा कर लूंगी', मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का भाजपा पर तीखा वार



**नई दिल्ली, 24 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को भाजपा पर हमला किया। उन्होंने कहा कि मेरा जन्म बंगाल में हुआ है और मैं बंगाल में ही मरूंगी। बंगाल जीतने के बाद, मैं दिल्ली पर कब्जा कर लूंगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा 'भाजपा के लिए काम करने वाले सभी लोगों के नाम सूचीबद्ध हैं। आपने भाजपा पृष्ठभूमि के आधार पर लोगों को लाया है और उसी के अनुसार अधिकारियों की नियुक्ति की है। याद रखिए, आप हमें हराने की क्षमता नहीं रखते। हम अन्याय के खिलाफ लड़ते हैं, हम अपने अधिकारों के लिए लड़ते हैं। मेरा जन्म बंगाल में हुआ है और मैं बंगाल में ही मरूंगी। बंगाल जीतने के बाद, मैं दिल्ली पर कब्जा कर लूंगी। मुझे सत्ता नहीं चाहिए, मुझे दिल्ली में भाजपा का विनाश चाहिए, न केवल बंगाल में विनाश होगा, बल्कि भाजपा को दिल्ली से भी हटाना होगा।




**चूहा-** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन और भारत को 'नरक' कह दिया।

**चुहिया-** हां जी, लेकिन वो तो खुद अमेरिका को नरक बना दिया है।

# व्यापारी के घर में घुसकर नाकाबपोश बदमाशों ने चलाई गोली, वारदात में बड़े बेटे की मौत



**जांजगीर-चांपा, 24 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले से सनसनीखेज वारदात सामने आई है. नकाबपोश बदमाशों ने गुरवार रात लगभग 12 बजे व्यवसायी के घर घुसकर परिवार पर गोलियां बरसा दी. करीब 3 राउंड फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका छोटा भाई घायल हो गया है। मृतक की पहचान आयुश कश्यप के रूप में हुई है, जो रेत के कारोबार से जुड़ा बताया जा रहा है. शुरुआत में घटना को लूट के प्रयास से जोड़कर देखा जा रहा था, लेकिन परिजन इसे व्यवसायिक रंजिश का आरोप लगा रहे हैं।

पूरी वारदात बिर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत करहि गांव का है. जानकारी के मुताबिक करीब रात 12 बजे तीन अज्ञात नकाबपोश हमलावर घर के पीछे के रास्ते से व्यवसायी सम्मेलाल कश्यप के घर में घुसे. घर में घुसने के बाद वह सबसे पहले उस कमरे में पहुंचे, जहां आयुष, उसका भाई और एक बहन सो रहे थे. हमलावरों ने 19 वर्षीय आयुष कश्यप पर दो राउंड फायरिंग की, जिसमें एक गोली सीने और दूसरी कनपटी पर लगी. उसकी मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, आशुतोष कश्यप पर भी एक राउंड फायर किया गया, जो उसके दाहिने हाथ में लगी. इस दौरान पैसों की मांग की बात भी सामने आई है. फिलहाल घायल आशुतोष को तत्काल जिला अस्पताल जांजगीर में भर्ती कराया जा रहा है।

मृतक आयुष कश्यप, सम्मेलाल कश्यप का बेटा था, जो हाल ही में रेत के कारोबार में शामिल था. बीती रात वह जांजगीर-चांपा में रेत गाड़ी को छुड़वाने गया हुआ था, वहां वह देर रात वापस लौटा था. सम्मेलाल कश्यप लोहा व्यापारी होने के साथ ही ब्लॉक कांग्रेस के उपाध्यक्ष हैं. वह पूर्व में उपसरपंच भी रह चुके हैं. वहीं उनकी पत्नी भी पूर्व सरपंच रह चुकी हैं। सम्मेलाल कश्यप का आरोप है कि घटना को व्यवसायिक रंजिश के चलते अंजाम दिया गया था. नकाबपोश बदमाश लूट नहीं हत्या के इरादे से घर में घुसे थे. बता दें कि इससे पहले भी करहि गांव में उपसरपंच की हत्या जैसी गंभीर वारदात सामने आ चुकी है।

घटना की जानकारी के बाद विधायक ब्यास कश्यप अपने कार्यकर्ताओं के साथ जिला अस्पताल पहुंचे. जहां उन्होंने परिजनों से गोलीकांड के बारे में जानकारी ली. उन्होंने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश मे लॉ एन्ड आर्डर की स्थिति बिगड़ी है. रेत माफियाओ पर जिला प्रशासन का अंकुश नहीं है. उन्होंने खनिज विभाग पर रेत के अवैध कारोबार को संरक्षण देने का आरोप लगाया है. वहीं मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है।

जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू भी घटना की सूचना मिलने पर जिला अस्पताल पहुंचे. साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल भी मौजूद रहे. उन्होंने घायल और परिजनों से मुलाकात की. विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि मामला गंभीर है. जिले में लगातार कानून व्यवस्था बिगड़ रही है. रेत माफिया सक्रिय है। वारदात की सूचना मिलते ही एसपी निवेदिता पाल और एएसपी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की. घटनास्थल का जायजा लेकर परिजनों से घटना के संबंध में पूछताछ की गई. 3 राउंड फायरिंग और युवती का मोबाईल लेकर भागने की बात सामने आई है. घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## मातम में बदलीं शादी की खुशियां! निर्माणाधीन साइट के गड्ढे में गिरे 11 लोग, एक की मौत

**नई दिल्ली, 24 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** मुंबई के भांडुप (पश्चिम) इलाके में एक निर्माणाधीन स्थल पर गड्ढे में गिरने से 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। निकाय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना बृहस्पतिवार रात करीब साढ़े 11 बजे जनता मार्केट के निकट मेट्रो मॉल के पास हुई जहां झोपड़पट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण (एसआरए) की एक इमारत का निर्माण हो रहा है।

अधिकारियों के अनुसार पीड़ित कथित तौर पर पास के मातोश्री मैरिज हॉल में एक कार्यक्रम में भाग लेने गए थे और इस दौरान वे पूर्वी उपनगर में एसआरए निर्माण स्थल पर एक गड्ढे में दुर्घटनावश गिर गए। एक निकाय अधिकारी ने बताया कि पुलिस, 108 एंबुलेंस सेवा और वार्ड कर्मियों के साथ मुंबई दमकल विभाग की आपातकालीन टीम मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। इस घटना में कुल 11 लोग घायल हो गए, जिनकी उम्र 19 से 43 वर्ष के बीच है।

अधिकारी ने बताया कि उन्हें इलाके के क्रिटिकेयर अस्पताल, फोर्टिस अस्पताल और अग्रवाल अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि उनमें से एक व्यक्ति की पहचान भालचंद्र फाले (25) के रूप में हुई है, जिन्हें फोर्टिस अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया।

## ताबड़तोड़ गोलियों से दहला करोल बाग, तड़के मचा हड़कंप

**नई दिल्ली, 24 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** राजधानी दिल्ली का पॉश इलाका करोल बाग आज तड़के ताबड़तोड़ गोलियों से दहल उठा। आनंद पर्वत के रहने वाले रोहित नामक व्यक्ति को अज्ञात हमलावरों ने निशाना बनाया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल घायल का इलाज जारी है और पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और अस्पताल से सुबह तीन बजकर 55 मिनट पर घटना की सूचना मिली जिसमें बताया गया कि आनंद पर्वत निवासी रोहित नामक एक व्यक्ति को गोली लगने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि घायल व्यक्ति वर्तमान में चिकित्सा निगरानी में है और उसने गोलीबारी में शामिल संदिग्धों के बारे में जानकारी दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से दो खोखे और एक कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# सड़क हादसे में शिक्षक की मौत

**मुंगेली, 24 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** मुंगेली जिले के लोरमी इलाके से एक हृदयविदारक खबर सामने आ रही है. जहां एक तेज रफ्तार ट्रक की लापरवाही ने एक शिक्षक की जान ले ली. झाफल के पास हुए इस भीषण सड़क हादसे में शिक्षक अजीत डाहिरे की मौके पर ही मौत हो गई, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है. जानकारी के अनुसार, तिलकपुर निवासी शिक्षक अजीत डाहिरे अपनी बाइक से अपने पैतृक गांव बैगाकापा की ओर जा रहे थे. इसी दौरान झाफल स्थित महाराणा प्रताप स्कूल के पास विपरीत दिशा से आ रहे सीमेंट से लदे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया. टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक ट्रक के नीचे पूरी तरह दब गई और अजीत डाहिरे ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया. हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई. सूचना पर पहुंची लोरमी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर वाहन को जब्त कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## बुलडोजर एक्शन से नाराजगी, विरोध में आज बंद का आव्हान, एसडीएम कार्यालय घेरने की तैयारी



**पखांजूर, 24 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** कांकेर जिले के पखांजूर में पिछले दिनों हुई प्रशासनिक कार्रवाई के विरोध को लेकर नाराजगी बढ़ते नजर आने लगी है. शुक्रवार को बंग समाज ने बंद का आव्हान किया है. जिसका असर कापसी, पखांजूर और बांदे क्षेत्र में सुबह से देखने को मिल रहा है. एसडीएम कार्यालय घेराव के साथ बड़े प्रदर्शन की तैयारी है। जानकारी के मुताबिक, हाल ही में नया पारा में प्रशासन ने 6 घरों पर बुलडोजर कार्रवाई की थी. इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है. बंग समाज ने बंद का आव्हान किया है. इस आंदोलन को सर्वसमाज का व्यापक समर्थन मिल रहा है, जिससे आंदोलन और भी मजबूत होता दिख रहा है। कापसी, पखांजूर और बांदे क्षेत्र में लगभग सभी दुकानें सुबह से नहीं खुली हैं. पखांजूर में आज बंग समाज का प्रदर्शन देखने को मिल सकता है. बताया जा रहा है कि कार्रवाई को लेकर परलकोट इलाके में माहौल गरमाया हुआ है।

## 5 विभागों में भर्ती का फर्जी नियुक्ति पत्र जारी सचिव-उप सचिव के डिजिटल सिग्नेचर का दुरुपयोग




**रायपुर, 24 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के सामान्य प्रशासन विभाग के नाम से एक फर्जी नियुक्ति पत्र जारी होने का मामला सामने आया है। इस फर्जी आदेश में विभगीय सचिव और उप सचिव के डिजिटल हस्ताक्षर का इस्तेमाल किया गया है. बताया जा रहा है कि कई अभ्यर्थियों तक भी यह फर्जी पत्र पहुंचा है. फिलहाल शिकायत के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, अनुभाग अधिकारी राजपाल बघेल की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है. उन्होंने पुलिस को बताया कि परिवहन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, वन एवं जलवायु परिवर्तन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और स्कूल शिक्षा विभाग में भर्ती प्रक्रिया जारी है. इसी दौरान एक फर्जी आदेश पत्र जारी कर दिया गया है, जो 5 मार्च 2026 को नियुक्ति की अनुशंसा से संबंधित है। इसमें सचिव रजत कुमार और उप सचिव शिव कुमार सिंह के डिजिटल हस्ताक्षर दर्शाए गए हैं. वहीं डाक के जरिए आदेश को भेजा गया है. फर्जी आदेश में अभ्यर्थियों के चरित्र सत्यापन और विभागीय प्रशिक्षण के बाद परीक्षा उत्तीर्ण करने की प्रत्याशा में नियुक्ति की अनुशंसा का उल्लेख किया गया है। फर्जी आदेश जारी होने के बाद से मंत्रालय में हड़कंप की स्थिति है. दरअसल, अब अधिकांश काम ऑनलाइन प्रणाली से किए जा रहे हैं. फाइलों का मूवमेंट और अधिकारियों के हस्ताक्षर भी डिजिटल माध्यम से हो रहे हैं. इसलिए अब सिस्टम की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है. मामले में आशंका जताई जा रही है कि मामले में विभाग के किसी कर्मचारी का हाथ हो सकता है।

## 'बंगाल का गौरव लौटाने के लिए तृणमूल से आजादी जरूरी' दमदम की रैली में टीएमसी पर जमकर बरसे पीएम मोदी



**नई दिल्ली, 24 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** पश्चिम बंगाल के दमदम में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा बंगाल में परिवर्तन की जो लहर दिख रही थी, कल पहले चरण के मतदान ने उस पर मुहर लगा दी है। पीएम मोदी ने कहा कि कल भाजपा के पक्ष में जो समर्थन दिखा है, उसने भाजपा की विजय का शंखनाद कर दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल का गौरव फिर से लौटाने के लिए, बंगाल को फिर से अवसरों की भूमि बनाने के लिए तृणमूल कांग्रेस के भय, भ्रष्टाचार, सिंडिकेट, पलायन, बेरोजगारी और बेकारी और घुसपैठियों, बेटियों पर अत्याचार से आजादी बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर तगड़ा हमला करते हुए कहा बंगाल में टीएमसी ने लोकतंत्र के मंदिर को कुचल दिया था। पहले चरण के मतदान में जनता ने लोकतंत्र के मंदिर का पुनर्निमाण कर दिया है और दूसरे चरण में इस मंदिर पर विजय ध्वज फहराना है। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी का दीया बुझने से पहले फड़फड़ा रहा है। 4 मई को नतीजे आने के बाद टीएमसी के गुंडों को बंगाल में छुपने की जगह नहीं मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा, गुलामी की बेड़ियां तोड़ने के लिए नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने राष्ट्र का आह्वान किया था- तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा। ये बंगाल में नई क्रांति की बेला है और ये क्रांति वोट से होगी। मैं बंगाल की जनता से अपील करता हूं कि आप हमें वोट रूपी आशीर्वाद दीजिए, हम मिलकर बंगाल को अनेक कष्टों से आजादी दिलाएंगे।

# बंगाल में 92 प्रतिशत मतदान पर सीजेआई खुश; चुनाव कर्मियों के नाम वोटर लिस्ट से कटने के आरोप पर अहम टिप्पणी



**नई दिल्ली, 24 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उन याचिकाओं पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है, जिनमें पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के दौरान चुनाव ड्यूटी पर तैनात कुछ लोगों के नाम वोटर लिस्ट से कथित तौर पर हटाए जाने के मामले में कोर्ट के दखल की मांग की गई थी। याचिकाकर्ताओं की तरफ से पेश वकील ने सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच को बताया कि जो लोग चुनाव करवा रहे हैं, वे भी वोट नहीं डाल पा रहे हैं। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 92 प्रतिशत मतदान पर खुशी व्यक्त की है।

याचिकाकर्ता की दलील पर सीजेआई ने कहा, कृपया इस समस्या को अपीलीय ट्रिब्यूनल के सामने उठाएं। हम हर रोज अपने आदेश नहीं बदल सकते। पीठ में शामिल जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने इस मामले पर टिप्पणी करते हुए कहा कि चाहे वे इस साल वोट डाल पाएं या नहीं, वोटर लिस्ट में उनका नाम बने रहने के अधिक अहम अधिकार की कोर्ट द्वारा जांच की जाएगी। मामले में वकील ने तर्क दिया कि, चुनाव ड्यूटी के लिए जारी आदेश में ईपीआईसी (मतदाता फोटो पहचान पत्र) नंबर का उल्लेख था, जिसे बाद में हटा दिया गया। अब, चुनाव ड्यूटी पर तैनात लोग वोट नहीं दे सकते। यह स्पष्ट रूप से मनमाना है।

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल चुनावों में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान वोटर लिस्ट से बाहर किए गए लोगों को यह छूट दी है कि वे अपनी शिकायत लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के पास जा सकते हैं। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने अपीलीय ट्रिब्यूनल को निर्देश दिया है कि वे उन बाहर किए गए लोगों के मामलों की बारी से पहले सुनवाई करें, जिनकी अपीलें लंबित हैं और जिन्होंने अपने मामले में तत्काल सुनवाई की जरूरत साबित की है।

कोर्ट ने कहा, ज्यादातर मुद्दों पर हमने 13 अप्रैल के अपने आदेश में विस्तार से बात की है। हम समझ सकते हैं कि रोजमर्रा के आधार पर मुद्दे उठ सकते हैं। हम याचिकाकर्ताओं और अन्य संबंधित पक्षों को यह छूट देते हैं कि वे प्रशासनिक पक्ष पर कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से संपर्क कर सकते हैं। इसी तरह, अगर मामलों में न्यायिक दखल की जरूरत है, तो वे हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से संपर्क कर सकते हैं। जहां तक उन नामों का सवाल है जिन्हें एसआईआर में बाहर किया गया है और जिन्होंने अपीलीय ट्रिब्यूनल के सामने अपील दायर की है, ट्रिब्यूनल उनकी अपीलों पर बारी से पहले सुनवाई कर सकता है, खासकर उन अपीलकर्ताओं की जो तत्काल सुनवाई की जरूरत साबित कर पाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के कई व्यक्तियों, जिनमें चुनाव ड्यूटी पर तैनात 65 लोग भी शामिल हैं, द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन के बाद मतदाता सूची से उनके नाम हटाए जाने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया।

# मण्डीप खोल में जुटेंगे लाखों श्रद्धालु, साल में एक बार खुलता है छत्तीसगढ़ का ये गुफा



**खैरागढ़, 24 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** खैरागढ़-छुईखदान-गंडई क्षेत्र के ठाकुरटोला जमीदारी में स्थित मण्डीप खोल गुफा एक बार फिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनने जा रही है। साल में सिर्फ एक दिन खुलने वाली यह गुफा 27 अप्रैल को श्रद्धालुओं के लिए खोली जाएगी। इसे लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है और सुरक्षा, स्वास्थ्य, यातायात और मूलभूत सुविधाओं की तैयारियां अंतिम चरण में है, क्योंकि इस दिन यहां हजारों नहीं बल्कि लाखों लोगों के पहुंचने की संभावना है।

मण्डीप खोल गुफा की खास बात यह है कि यह सिर्फ धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि रहस्य और परंपरा से जुड़ा एक अनोखा स्थान है। मान्यता है कि यह गुफा अक्षय तृतीया के बाद आने वाले पहले सोमवार को ही खुलती है और इसी दिन यहां भगवान शिव के दुर्लभ दर्शन होते हैं।

गुफा खुलने के बाद सबसे पहले ठाकुरटोला राजपरिवार द्वारा पूजा-अर्चना की जाती है, इसके बाद आम श्रद्धालुओं के लिए दर्शन शुरू होते हैं। घने जंगलों और पहाड़ियों के बीच स्थित इस गुफा तक पहुंचना भी किसी चुनौती से कम नहीं है। श्रद्धालुओं को कठिन रास्तों से होकर गुजरना पड़ता है और कई बार नदी पार करनी होती है, जिससे यह यात्रा आस्था के साथ-साथ साहस और रोमांच से भी जुड़ जाती है। गुफा के भीतर मौजूद प्राकृतिक शिवलिंग, पवित्र कुंड और 'श्वेत गंगा' नाम की जलधारा इसे और भी खास बनाते हैं। यही जलधारा आसपास के क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण जल स्रोत भी मानी जाती है। इसी वजह से यह गुफा प्रकृति और आस्था के अनोखे संगम के रूप में जानी जाती है और हर साल छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं।